www.sgbauonline.com

3. निम्नलिखित लघुत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर लगभग **15 - 20** पंक्तियों में लिखिए :—

(1) 'नारद की वीणा' की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(2) 'शंकरशेष किस प्रकार के नाटककार है' ? स्पष्ट कीजिए।

(3) भगवतीचरण वर्मा की औपन्यासिक कला का क्या वैशिष्टय है ?

(4) 'उग्र की कहानियाँ सांप्रदायिक सौहार्द से परिपूर्ण है।' स्पष्ट कीजिए।

(5) अज्ञेय की कहानियों में अभिव्यक्त राष्ट्रीय चेतना का स्वरूप कैसा है? समझाइए।

(6) उपन्यासकार के रूप में भीष्म साहनी का क्या योगदान है?

(7) 'डॉ. नगेन्द्र ने हिंदी आलोचना को किस प्रकार नई दिशा दी है?' समझाइए।

(8) 'गद्य कुसुमावली' पर टिप्पणी लिखिए।

(9) अमृत राय ने प्रेमचंद के व्यक्तित्व को किस प्रकार साकार किया है ?

(10) 'नीड़ का निर्माण फिर' का भाषा वैशिष्ट्य निरूपित कीजिए। 20



**AQ – 216**

M. A. (Part–II) Examination

**HINDI**

Paper – II

# आधुनिक गद्य साहित्य

P. Pages : 6

Time : Three Hours] [Max. Marks : 100

---

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **तीन** की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए :—

(क) तक्षशिला मेरी नहीं और तुम्हारी भी नहीं ; तक्षशिला आर्यावर्त्त का एक भू - भाग है ; वह आर्यावर्त्त की होकर रहें, इसके लिए मर मिटो! फिर उसके कणों में तुम्हारा ही नाम अंकित होगा। मेरे पिता स्वर्ग में इन्द्र से प्रतिस्पर्धा करेंगे। वहाँ की अप्सरायें विजयमाला लेकर खड़ी होंगी, सूर्यमण्डल मार्ग बनेगा और उज्ज्वल आलोक से मंडित होकर गांधार राजकुल अमर हो जायेगा।

(ख) महेन्द्र भी एक आदमी है, जिसके अपना घर - बार है, पत्नी है, यह बात महेन्द्र को अपना कहनेवालों को शुरू से ही रास नहीं आई। महेन्द्र ने ब्याह क्या किया, आप लोगों की नजर में आपका ही कुछ आप से छिन लिया। महेन्द्र अब पहले की तरह हँसता नहीं। महेन्द्र अब दोस्तों में बैठकर पहले की तरह खिलता नहीं। महेन्द्र अब पहले वाला महेन्द्र रह ही



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

नहीं गया। और महेन्द्र ने जी जान से कोशिश कीं, वह वही बना रहे किसी तरह।

(ग) यह मौत कुछ हरिजनों की या एक बिसू की नहीं ..... आपके जिंदा रहने के हक की मौत है। आपका यह हक़ जरा से स्वार्थ के लिए गाँव के धनी किसानों के हाथ बेच दिया गया है ..... और यही हक मुझे आपको वापस दिलवाना है। जुलुम ने आप लोगों के हौसलें तोड़ दिए है, इसलिए मैं लडूँगा आपकी यह लड़ाई। ..... आखिरी दम तक लडूँगा। आप लोग साथ देंगे तो भी ..... नहीं देंगे तो भी .....।

(घ) गरीबी, गंदगी और जहालत से भरी हुई दुनिया में भी सुंदरता जन्म लेती है। किशोर – किशोरियों और युवतियों के चेहरे पर एक विशेषता देखा है उसने। कमला नदी के गढ्ढों में खिले हुए कमल के फूलों की तरह जिंदगी की भोर में बड़े लुभावने, बड़े मनोहर और सुंदर दिखाई पड़ते हैं, किन्तु ज्यों ही सूरज की गर्मी तेज हुई वे कुम्हला जाते हैं। शाम होने से पहले ही पंखड़ियाँ झड़ जाती हैं। ..... कश्मीर के कमल और पूर्णिया के कमल में शायद यही फर्क है।

(ड) इस प्रतीक्षा में एकाएक उसका दर्द उस ढलती रात में उभर आया और सोचने लगा, आने वाली पीढ़ी पिछली पीढ़ी की ममता की पीडा नहीं समझ पाती और पिछली पीढ़ी अपनी संतान के संभावित संकट की कल्पना मात्र से उद्विग्न हो जाती है। मन में यह प्रतीति ही नहीं होती कि अब संतान समर्थ है, बडा से बड़ा संकट झेल लेगी।

(च) जैसे ही अरथी मोड़ पर घूमती है, लोगों की भीड़ और कारों की कतार मुझे दिबाई देने लगती है। कुछ स्कूटर भी खड़े हैं। औरतों की भीड़ एक तरफ खड़ी है। उनकी बातों की ऊँची ध्वनियाँ सुनाई पड़ रही है। उनके खडे होने में वहीं लचक है जो कनाटप्लेस में दिखाई पडती है। सभी के जूड़ों की स्टाइल अलग – अलग है। मरदों की भीड़ से सिगरेट का धुँआ उठ – उठकर कुहरे में घुलता जा रहा है और बात करती हुई औरतों के लाल–लाल होंठ और सफेद दाँत चमक रहे हैं और उनकी आँखों में एक गरूर है। 30

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :—

(1) 'चन्द्रगुप्त' नाटक की रंगमंचीयता की समीक्षा कीजिए।

(2) 'आधे – अधूरे' नाटक आधुनिक पारिवारिक जीवन के विघटन की त्रासदी का चित्रण करता है। इस कथन की विवेचना कीजिए।

(3) औपन्यासिक तत्वों के आधार पर 'महाभोज' की समीक्षा कीजिए।

(4) 'मैला आँचल' उपन्यास का आँचलिकता की दृष्टि से मूल्यांकन कीजिए। 30



www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

4. निम्नलिखित लघूत्तरी/वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए :—

(1) दा – साहब के मंत्रि मंडल में रावसाहब के पास कौन–सा विभाग था ?

(2) 'मशाल' के सम्पादक का नाम क्या है ?

(3) 'बेतार की खबर' के नाम से कौन जाना जाता है ?

(4) सप्लाई इंसपेक्टर दुलारचंद कापरा कांग्रेस पार्टी का मेम्बर था। (कथन – सत्य/असत्य)

(5) बिन्नी के पति का नाम क्या था ?

(6) 'तुम चंदन हम पानी' के लेखक हैं .....
1) अज्ञेय 2) विद्यानिवासमिश्र 3) नगेन्द्र

(7) 'दिल्ली में एक मौत' कहानी में किसकी मौत होती है ?

(8) पर्वतेश्वर कहाँ का राजा था ?

(9) 'चंद्रगुप्त' नाटक में कुल कितने अंक हैं –
1) चार 2) तीन 3) पाँच

(10) 'सरकार तुम्हारी आँखों में' का लेखक कौन है ?

(11) 'सिन्दूर की होली' किस विधा की रचना है ?

(12) गजाधर बाबू की बेटी का नाम क्या है ?

(13) मिरवा किस कहानी का पात्र है ?

(14) ''अन्य देश मनुष्यों की जन्मभूमि है ; यह भारत मानवता की जन्मभूमि है।'' यह कथन किसका है ?


www.sgbauonline.com

www.sgbauonline.com

(15) 'प्रगती और परम्परा' - डॉ. रामविलास शर्मा का निबंध संग्रह है। (कथन - सत्य/असत्य)

(16) डॉ. प्रशांत के नौकर का नाम क्या है ?

(17) 'महाभोज' की कथा के केन्द्र में कौन-सा गाँव है ?

(18) 'बसेरे से दूर' बच्चनजी की आत्मकथा के तीसरे खण्ड का नाम है। (कथन - सत्य/असत्य)

(19) 'साहित्यालोचन के लेखक है ----

1) डॉ. श्यामसुन्दर दास 2) विद्यानिवास मिश्र

3) डॉ. रामविलास शर्मा

(20) 'कंटीले तारों के आर-पार' के लेखक का नाम क्या है ? 20



www.sgbauonline.com